अधिकतम तापमान 13.00° >> न्यूनतम तापमान 6.00° >> सूर्योदय 7:15 >> सूर्यास्त 17:38 >> डॉलर 83.12 >> यूरो 90.73 >>

छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 1972 में मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-14, अंक-214 | रविवार, 21 जनवरी, 2024 | कुल पृष्ठ 22 | मूल्य 3.00 रुपये

वैब संस्करण

dainikbhaskarup.com

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

एनसीआर में पहली बार गौड़ सिटी मॉल्स में भी राम आएंगे

गौड़ सिटी मॉल में मनाया जाएगा राम महोत्सव

भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। अभी तक तो आपने मॉल में क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन धूमधाम से करते हुए देखा और सुना होगा, लेकिन अब दिल्ली झ्एनसीआर के एक मॉल में प्रभु श्रीराम की करीब 14 फीट ऊंची भव्य मूर्ति लगेगी। साथ ही राम मंदिर का प्रतीक भी लगाया जाएगा। 500 सालों के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार 22 जनवरी को रामलला अयोध्या के राम मंदिर में विराजेंगे.रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी उत्साहित हैं। घरों से लेकर ऑफिस तक में एक ही भजन सुनाई दे रहा है राम आएंगे . लेकिन आप इस बात को लेकर हैरान हो जाएंगे कि घरों और सोसायटीज के साथ साथ इस 22 जनवरी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ सिटी मॉल में भी राम आएंगे. इस पल का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। जैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होगा, गौड़ सिटी मॉल के केंद्रीय प्रांगण में राम महोत्सव मनाया जाएगा। श्रद्धा के केन्द्र में 14 फीट ऊँची प्रभु श्री राम की एक भव्य मूर्ति स्थापना और अयोध्या राम मंदिर का एक आकर्षक केंद्र होगा, जो आध्यात्मिक महत्व और सांस्कृतिक समृद्धि का माहौल तैयार करेगा। इस खुशी के अवसर पर मॉल प्रबंधन ने पूरे कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की है, जिसके बाद मिठाई वितरण किया जाएगा। गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने बताया कि अयोध्या में राम लला के अपने भव्य मंदिर में विराजने से पूरा देश उत्साह में है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत बनाने के लिए हमने यह कदम उठाया है। इस ऐतिहासिक दिन को मनाने का हमारा यही तरीका है, जिससे सभी भक्ति रस में डूब कर अद्भुत खुशी का एहसास करेंगे। इस दौरान मॉल में आने वाले सभी विजिटर्स भगवान श्री राम का दर्शन कर आशीर्वाद ले सकेंगे।